गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई-मेल/E-mail : info@gail.co.in

सं. : न दि/गेल/सेक्ट./2017

दिनांक: 14.11.2017

लिस्टिंग विभाग
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,
प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,
बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
मुंबई-400 051

लिस्टिंग विभाग
बीएसई लिमिटेड
पहली मंज़िल, फिरोज़ जीजीभोए टॉवर्स
दलाल स्ट्रीट
मुम्बई-400001

**विषय : <u>30 सितंबर, 2017 को समाप्त तिमाही हेतु गैर-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम</u>**

प्रिय महोदय,

यह उपर्युक्त विषय पर हमारे समसंख्यक पत्र दिनांक 30.10.2017 के अनुक्रम में है। कृपया ***30 सितम्बर, 2017*** को समाप्त तिमाही हेतु मैसर्स ओ.पी. बागला एंड कंपनी तथा मैसर्स एएसए एंड एसोसिएट्स, उक्त परिणाम के लिए कंपनी के संयुक्त वैधानिक लेखापरीक्षक की सीमित समीक्षा रिपोर्ट सहित निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कंपनी के गैर-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम की प्रतिलिपि प्राप्त करें।

निदेशक मंडल की बैठक 2:00 अप्राह्न प्रारंभ हुई तथा सायं 03:30 पर समाप्त हुई।

यह सेबी के विनियमन (सूचीकरण बाध्यता एवं विगोपन अपेक्षाएं) विनियमन 2015 के अनुपालन में है।

सधन्यवाद,
भवदीय,
हस्ता.
(ए. के. झा)
कंपनी सचिव

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

**नोट**

1. उपर्युक्त वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा समिति ने समीक्षा की है और निदेशक मंडल ने दिनांक 14 नवम्बर 2017 को सम्पन्न हुई अपनी बैठक में अनुमोदन प्रदान किया है।

2. सेबी (सूचीकरण बाध्यता एवं विगोपन अपेक्षाएं) विनियमन 2015 के विनियम 33 के अधीन अपेक्षानुसार 30 सितम्बर 2017 को समाप्त तिमाही एवं छ: माही के वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा की गई है।

3. पेट्रोलियम और प्रकृतिक गैस विनियमक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने प्रकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ के संबंध में विभिन्न अनंतिम परिवहन टैरिफ आदेश जारी किए हैं। कंपनी ने इनमें से कुछ आदेशों को सक्षम प्राधिकारी अर्थात विद्युत अपीलीय अधिकरण (एपीटीईएल) के समक्ष चुनौती भी दी जिन्हें एपीटीईएल ने पीएनजीआरबी को दुबारा समीक्षा हेतु वापस भेजा है। पीएनजीआरबी ने इनमें से कुछ प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क के संबंध में अंतिम टैरिफ आदेश जारी किए हैं। तथापि, कंपनी ने एपीटीईएल के समक्ष इन अंतिम टैरिफ आदेशों को भी चुनौती दी है। इसके अलावा, संशोधन, यदि कोई हो, के कारण समायोजन का निर्धारण मामलों पर निर्णय के अनुसार लिया जा रहा है।

4. वार्षिक अनुबंधित मात्रा (एसीक्यू) (2010 से 2015 की अवधि के लिए) में कमी के कारण वित्त वर्ष 2015-16 में किसी एक ग्राहक से 255.36 करोड़ के जहाज प्रभार या भुगतान के लिए कंपनी का दावा अभी निपटान के अंतर्गत है। समायोजन, यदि कोई है, मामले के अंतिम निर्णय पर किया जाएगा।

5. ग्राहकों में से किसी एक के साथ कुछ बकाए के संबंध में निपटान और निष्पादन के करार की शर्तों के अनुसार लंबित समझौते के तहत प्राप्त 132.98 करोड़ रूपये की राशि को ग्राहकों से प्राप्त अग्रिम में रखा गया है।

6. 1 जुलाई, 2017 से माल और सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम के लागू होने के परिणाम स्वरूप सितंबर, 2017 को समाप्त तिमाही की कुल आय के लिए जीएसटी के निवल का प्रकटीकरण किया गया है। जून 2017 तक की पूर्व अवधि के लिए कुल आय को उत्पाद शुल्क सहित संसूचित किया गया है।

7. पिछली अवधि के आंकड़ों को आवश्यकतानुरुप, पुन: समूहीकृत/पुनर्वर्गीकृत किया गया है।

**कृते गेल (इंडिया) लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**(सुबीर पुरकायस्थ)**
**निदेशक (वित्त)**

**स्थान: नई दिल्ली**
**दिनांक: 14.11.2017**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यता एवं विगोपन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के विनियमन 52(4) और विनियमन 54(2) के अनुसार प्रकटीकरण

1. आरक्षित कर योग्य गैर परिवर्तनीय बॉन्ड्स के संबंध में क्रेडिट रेटिंग निम्नानुसार है :

| बॉण्ड श्रंखला | रेटिंग | रेटिंग एजेंसी |
|---|---|---|
| आईएनआर बॉण्ड श्रंखला I-2010 | **AAA** | सीआरआईएसआईएल, आईसीआरए |
| आईएनआर बॉण्ड श्रंखला I-2015 | **AAA** | सीएआरई, इंडिया रेटिंग |

2. उपलब्ध परिसंपत्ति कवर : बॉन्ड को समरूप प्रभार के जरिए और / या कंपनी की वर्तमान परिसंपत्तियों पर न्यूनतम सुरक्षा कवर 1.10 गुणा सहित सुरक्षित रखा जाता है।

3. ऋण इक्विटी अनुपात : 0.11:1

4. ब्याज/मूलधन के भुगतान हेतु पिछली नियत तारीख : कंपनी ने नियत तारीख पर ब्याज का भुगतान किया है। ब्याज/मूलधन के भुगतान हेतु पिछली नियत तारीख का विवरण निम्नानुसार है :

| क्र. सं. | विवरण | | आईएनआर बॉण्ड श्रंखला I-2010 | आईएनआर बॉण्ड श्रंखला I-2015 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ब्याज | पिछली नियत तारीख | 13 दिसंबर, 2016 | 23 फरवरी, 2017 |
| | | भुगतान की पिछली तारीख# | 14 दिसंबर, 2016 | 23 फरवरी, 2017 |
| 2 | मूलधन | | लागू नहीं | लागू नहीं |

# सूचना ज्ञापन के 'अवकाश के प्रभाव' खंड के अनुसार

5. ब्याज/मूल के भुगतान के लिए अगली नियत तारीख

| क्र. सं. | विवरण | आईएनआर बॉण्ड श्रंखला I-2010 | आईएनआर बॉण्ड श्रंखला I-2015 |
|---|---|---|---|
| 1 | ब्याज | 13 दिसम्बर, 2017 | 23 फरवरी, 2017 |
| 2 | मूलधन | 13 दिसम्बर, 2017 | 23 फरवरी, 2017 |

6. ऋण सेवा कवरेज अनुपात * : 8.16

7. ब्याज सेवा कवरेज अनुपात ** : 18.44

8. मोचन योग्य बकाया प्राथमिक शेयर : शून्य

9. बॉण्ड प्रतिदान रिज़र्व : रु.162.41 करोड़

10. कुल मूल्य : रु.34309.61 करोड़

11. कर पश्चात निवल लाभ : रु.2335.27 करोड़

12. प्रति शेयर आय : रु.13.81

13. आरक्षित सूचीबद्ध गैर परिवर्तनीय ऋण प्रतिभूतियों के संबंध में सुरक्षा बनाने तथा अनुरक्षण की सीमा व प्रकृति : **आईएनआर बॉण्ड श्रंखला I-2010, एवं आईएनआर बॉण्ड श्रंखला I-2015** वर्तमान तथा भविष्य में पूर्ण भवन निर्माण

सहित वडोदरा के ग्राम तंदालजा में फ्रीहोल्ड गैर-कृषि भूमि पर प्रभार द्वारा तथा कंपनी के विजयपुर-दादरी पाइपलाइन परियोजना से संबंधित विजयपुर में वर्तमान तथा भविष्य, स्थापित या नहीं और बिछाई गई या भंडार में कंप्रेसर स्टेशन के अलावा प्लांट एवं मशीनरी, स्पेयर्स, टूल्स एवं एक्सेसरीज़ तथा अन्य चलित सामान समरूप आधार पर सुरक्षित हैं।

* ऋण सेवा कवरेज अनुपात (डीएससीआर) –ब्याज एवं कर से पूर्व आय / (ब्याज व्यय + नियत मूलधन पुनर्भुगतान)

** ब्याज सेवा कवरेज अनुपात (आईएससीआर) - ब्याज एवं कर से पूर्व आय / ब्याज व्यय

## परिसंपत्तियों एवं देयताओं का एकल विवरण

| विवरण | 30.09.2017 के अनुसार | 31.03.2017 के अनुसार |
|---|---|---|
| | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित |
| **परिसंपत्तियां** | | |
| **गैर वर्तमान परिसंपत्तियां** | | |
| क) संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण | 27,485.42 | 27,762.80 |
| ख) पूंजी कार्य प्रगति | 4,496.47 | 3,585.20 |
| ग) अमूर्त परिसंपत्तियां | 749.39 | 743.39 |
| घ) विकास के अंतर्गत अमूर्त परिसंपत्तियां | 225.16 | 218.19 |
| ड) वित्तीय परिसंपत्तियां | | |
| - निवेश | 8,832.35 | 9,509.64 |
| - स्वीकार योग्य व्यापार | 1,270.26 | 1,103.66 |
| - ऋण एवं अन्य स्वीकार योग्य | 555.79 | 619.21 |
| - अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां | 297.44 | 6.87 |
| ड.) अन्य गैर वर्तमान परिसंपत्तियां (गैर वित्तीय) | 2,250.07 | 2,643.49 |
| **कुल गैर वर्तमान परिसंपत्तियां** | **46,162.35** | **46,192.45** |
| **वर्तमान परिसंपत्तियां** | | |
| क) सूची | 1,740.22 | 1,698.38 |
| ख) वित्तीय परिसंपत्तियां | | |
| - निवेश | - | - |
| - स्वीकार योग्य व्यापार | 2,750.95 | 2,724.54 |
| - नकद एवं नकद समकक्ष | 388.20 | 451.88 |
| - अन्य बैंक बैलेंस | 2,701.89 | 889.97 |
| - ऋण एवं अन्य स्वीकार योग्य | 976.30 | 752.83 |
| - अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां | 70.63 | 57.39 |
| ग) अन्य वर्तमान परिसंपत्तियां (गैर वित्तीय) | 2,280.24 | 2,569.52 |
| **कुल वर्तमान परिसंपत्तियां** | **10,908.43** | **9,144.51** |
| **कुल परिसंपत्तियां** | **57,070.78** | **55,336.96** |
| **इक्विटी एवं देयताएं** | | |
| **इक्विटी** | | |
| क) इक्विटी शेयर पूंजी | 1,691.30 | 1,691.30 |
| ख) अन्य इक्विटी | 37,812.74 | 36,458.07 |
| **कुल इक्विटी** | **39,504.04** | **38,149.37** |
| **देयताएं** | | |
| **गैर वर्तमान देयताएं** | | |
| क) वित्तीय देयताएं | | |
| - उधार राशि | 2,394.90 | 3,004.55 |
| - अन्य वित्तीय देयताएं | 799.47 | 814.09 |
| ख) प्रावधान | 913.01 | 812.60 |
| ग) स्थगित कर देयताएं (निवल) | 4,124.45 | 3,722.88 |
| घ) अन्य गैर वर्तमान देयताएं | 465.38 | 458.75 |
| **कुल गैर वर्तमान देयताएं** | **8,697.21** | **8,812.87** |
| **वर्तमान देयता** | | |
| क) वित्तीय देयता | | |
| - उधार राशि | - | - |
| - व्यापार देनदारियां | 2,884.39 | 2,716.01 |
| - अन्य वित्तीय देयताएं | 4,047.71 | 3,818.31 |
| ख) अन्य वर्तमान देयताएं | 1,319.01 | 1,139.66 |
| ग) प्रावधान | 618.42 | 700.74 |
| **कुल वर्तमान देयताएं** | **8,869.53** | **8,374.72** |
| **कुल इक्विटी एवं देयताएं** | **57,070.78** | **55,336.96** |